## कार्यालय महानिदेशक पुलिस, राजस्थान जयपुर

क्रमांक–न–5(8)पु.फो./ग्रुप–13/कानि. भर्ती–25/4675 दिनांक 16.09.2025

आयुक्त,
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय,
राजस्थान जयपुर।

विषयः–कॉन्स्टेबल भर्ती,2025 के लिए उत्तर कुन्जी जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि कान्स्टेबल भर्ती, 2025 की दिनांक 13 व 14.09.2025 को आयोजित लिखित परीक्षा के पारीवार प्रश्न पत्रों की उत्तर कुन्जी विभाग की वैबसाईट पर अपलोड करने से सम्बन्धित विज्ञप्ति क्रमांक 4674 दिनांक 16.09.2025 जारी की गई है। अतः अभ्यर्थियों को सूचित करने हेतु जारी विज्ञप्ति की प्रति मय सॉफ्ट प्रति संलग्न प्रेषित है। उक्त विज्ञप्ति को राजस्थान के दो प्रमुख दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों के समस्त संस्करणों में अवलिम्ब प्रकाशित करवाने का श्रम करावें।

संलग्न–विज्ञप्ति की प्रति

भवदीय,
मनोज
16/9/25
(मनोज कुमार)
उप महानिरीक्षक पुलिस,
भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड,
राजस्थान जयपुर।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– संयुक्त निदेशक प्रचार, सीआईडी सीबी, राजस्थान जयपुर को समान आवश्यक कार्यवाही हेतु।

2– प्रभारी पुलिस वैबसाईट को उक्त विज्ञप्ति मय प्रत्येक पारी की उत्तर कुन्जी की प्रति भिजवाकर लेख है कि विभाग की वैबसाईट पर दिनांक 17.09.2025 को अपलोड करावें।

मनोज
उप महानिरीक्षक पुलिस,
भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड,
राजस्थान जयपुर।

Scanned with OKEN Scanner

## ।। कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर ।।

क्रमांकः न–5(8)पु.फो./कानि.भर्ती–25/4674 दिनांकः– 16.09.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

कॉन्स्टेबल भर्ती–2025 की दिनांक 13 व 14.09.2025 को सम्पन्न हुई लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्रों की उत्तर कुंजी पुलिस विभाग की वैबसाईट पर दिनांक 17.09.2025 से दिनांक 19.09.2025 समय 23:59 बजे (मध्य रात्रि) तक अपलोड कराई गई है जिसका लिंक https://police.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं।

अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के दौरान उपलब्ध कराये गये प्रश्न पत्र के उत्तर के विकल्पों के कम के आधार पर ही अपनी आपत्तियॉ दर्ज करा सकता है। परीक्षार्थी पुलिस विभाग की वैबसाईट https://police.rajasthan.gov.in पर दिये गये लिंक से रोल नम्बर एवं एप्लीकेशन आईडी के माध्यम से देय ऑनलाईन शुल्क स्वंय अथवा ई–मित्र कियोस्क पर, जितने प्रश्नों पर आपत्ति करनी है, उनके अनुसार प्रति प्रश्न रूपये 100/–की दर से देय शुल्क का भुगतान करें। भुगतान के लिये सर्विस चार्जेज ई–मित्र द्वारा अलग से वसूल किया जावेगा। शुल्क के अभाव में आपत्तियॉ स्वीकार नही की जावेगी।

ऑनलाईन आपत्तियों का लिंक केवल दिनांक 21.09.2025 से दिनांक 23.09.2025 समय 23:59 बजे (मध्य रात्रि) तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जावेगा। आपत्तियों के लिए पोर्टल पर पुस्तकों के प्रमाण ही ऑनलाईन संलग्न करें। अन्य किसी माध्यम से अथवा निर्धारित तिथि के बाद भेजी गयी आपत्तियॉ स्वीकार नही की जायेगी। संदर्भ में पुस्तक का नाम, लेखक/लेखकों के नाम लिखा जाना आवश्यक है। वांछित दस्तावेज संलग्न नही होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा। परीक्षार्थी द्वारा आपत्ति शुल्क के पेटे जमा कराई गयी राशि का किसी भी स्थिति में रिफण्ड नही होगा।

मनोज
16/9/25

(मनोज कुमार)
महानिरीक्षक पुलिस,
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

Scanned with OKEN Scanner